**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या - *73**
**उत्तर देने की तारीख 26 जून, 2019**

**5जी फील्ड परीक्षण**

***73. श्री रितेश पांडेयः**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में 5जी फील्ड परीक्षण का हिस्सा बनने के लिए चीन की जेडटीई और हुआवेई सहित विदेशी स्वामित्व के दूरसंचार ऑपरेटरों को अनुमति प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या उक्त ऑपरेटरों को देश के ऑपरेटरों की ही भांति देश की दूरसंचार अवसंरचना समान रूप से उपलब्ध कराई जाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा देश की दूरसंचार अवसंरचना को विदेशी स्वामित्व वाले दूरसंचार ऑपरेटरों द्वारा संभावित निगरानी प्रयासों से बचाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है?

**उत्तर**
**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रवि शंकर प्रसाद)**

(क) से (ग) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**''5जी फील्ड परीक्षण'' के बारे में लोक सभा के दिनांक 26 जून, 2019 के तारांकित प्रश्न सं. *73 के भाग (क) से (ग) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण**

(क) से (ग) भारतीय दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी), स्टार्ट-अप्स, स्थानीय बिक्रेताओं और शैक्षिक जगत सहित प्रमुख वैश्विक मूल उपस्कर विनिर्माताओं (ओईएम) से भारत में 5जी प्रौद्योगिकी परीक्षणों हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। अब तक छः प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिनमें चीन की जेडटीई और हुआवेई के प्रस्ताव शामिल हैं। 5जी के संबंध में कोई भी क्षेत्रीय परीक्षण केवल लाइसेंसशुदा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से ही नियामक, सीमित भौगोलिक क्षेत्र में और विशिष्ट यूज केस के लिए करना होगा।

भारत में 5जी और प्रौद्योगिकी परीक्षण से संबंधित सुरक्षा सहित अनेक मुद्दों पर सिफारिशें देने के लिए प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के अधीन एक समिति गठित की गई है। निगरानी सहित सुरक्षा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए, मौजूदा लाइसेंस करार के हिस्से के रूप में व्यापक सुरक्षा शर्तें मौजूद हैं।

*********